30. वर्ष .986-87 में गरीबी के खिलाफ कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया गया। समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम (आई० आर० डी० पी०) और रोजगार कार्यक्रम गरीबी के खिलाफ अभियान के सबसे अधिक महत्वपूर्ण अंग हैं। वर्ष 1986-87 में समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के लिए 543.83 करोड़ रुपये के परिव्यय की व्यवस्था की गई। इसकी तुलना वर्ष 1984-85 में दिए गए 207.7 करोड़ रुपये और वर्ष 1985-86 में दिए गए 205.9 करोड़ रुपये से की जा सकती है। दिसम्बर, 1986 के अन्त तक 20.7 लाख परिवारों को सहायता दी जा चुकी थी। कार्यक्रम के क्रियान्वयन में जो नई विशेषताएं लाई गई हैं, वे हैं—प्रति परिवार पूंजीनिवेश का उच्चतर स्तर, अगले और पिछले सम्पर्कों का प्रावधान, लाभ-प्राप्तकर्ताओं के प्रशिक्षण पर बल, स्वैच्छिक संस्थाओं की शिरकत, समवर्ती मूल्यांकन का प्रावधान तथा महिलाओं को और अधिक सहायता देना। इन सभी कार्यक्रमों में अत्यन्त गरीब लोगों एवं अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों को अधिक से अधिक सहायता देने पर मूल रूप से बल दिया गया है।

31. 1986-87 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम तथा ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम को सुदृढ़ किया गया। इससे कुल 5500 लाख मनुष्य-दिवस रोजगार पैदा होने की आशा है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के लिए परिव्यय में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। 1984-85 में 230 करोड़ रुपये और 1985-86 में 337.21 करोड़ रुपये के परिव्यय के मुकाबले केन्द्र द्वारा 1986-87 में कुल 479.75 करोड़ रुपये का परिव्यय उपलब्ध कराया गया। ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम के अधीन, जिसके लिए सम्पूर्ण धन-व्यवस्था केन्द्र द्वारा की जाती है, 1986-87 के लिए 731.10 करोड़ रुपये का परिव्यय उपलब्ध कराया गया जिसकी तुलना में 1984-85 में उपलब्ध कराए गए 400 करोड़ रुपये और 1985-86 में 606.33 करोड़ रुपये से की जा सकती है।

32. 1986 के 20-सूत्री कार्यक्रम में सभी गांवों में पीने के लिए स्वच्छ जल उपलब्ध कराए जाने पर बल दिया गया है। 1986-87 में, केन्द्रीय और राज्य योजनाओं में पेय जल कार्यक्रम के लिए

कुल 794.05 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई। इस कार्यक्रम के तहत 40,000 गांवों के आ जाने की आशा है जो 35,930 गांवों के निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के लिए जलपूर्ति की व्यवस्था की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

33. 1986-87 में वार्षिक योजना के परिव्यय में काफी वृद्धि की गई थी। हमारी योजना के इतिहास में पहली बार, योजना अवधि के पहले दो वर्षों में पंचवर्षीय योजना का 40 प्रतिशत धन वास्तविक रूप से उपलब्ध करा दिया गया। संसाधनों का आवंटन करने में गरीबी-विरोधी कार्यक्रमों को और अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को सुदृढ़ करने को उच्च प्राथमिकता दी गई। गरीबी-विरोधी मुख्य कार्यक्रमों के लिए परिव्यय में 65 प्रतिशत की भारी वृद्धि की गई। कृषि, ग्रामीण विकास और सिंचाई के लिए परिव्यय में लगभग 30 प्रतिशत वृद्धि की गई। शिक्षा सम्बन्धी परिव्यय में लगभग 60 प्रतिशत वृद्धि की गई है। 1986-87 की केन्द्रीय योजना में 22,300 करोड़ रुपये का परिव्यय रखा गया था जिसमें पिछले वर्ष के परिव्यय के मुकाबले 20.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। योजना में वास्तव में ज्यादा धनराशि, 23,000 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। भारत के विकास में मूलभूत भूमिका निभाने के सरकार के दृढ़ संकल्प का इससे बेहतर और कोई उदाहरण नहीं हो सकता।

34. सरकार ने लम्बी अवधि की वित्तीय नीति में निहित बुनियादी प्रस्तावों पर अमल करने के लिए उपाय किए हैं। कर-ढांचे में सुधार करके उसे सरल बनाया जा रहा है। कर की अदायगी को बढ़ाने के लिए बेहतर प्रशासन और प्रवर्तन के द्वारा विकास के लिए संसाधन जुटाने पर अधिक जोर दिया गया है, बचत और निवेश को बढ़ावा देने के लिए स्थायी वित्तीय माहौल पैदा किया जा रहा है, और वित्तीय नीति के सम्बन्ध में ज्यादा खुला हुआ दृष्टिकोण अपनाया गया है।

35. केन्द्रीय सरकार के राजस्व, जिसमें 1985-86 में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, अप्रैल-दिसम्बर, 1986 में 17 प्रतिशत से अधिक और वृद्धि हुई है। वैयक्तिक आयकर की वसूलियों में 1985-86 में 30 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई है, अप्रैल-दिसम्बर, 1986 में इनमे 16 प्रतिशत और वृद्धि हुई है। केन्द्रीय राजस्व में लगातार वृद्धि ने करों की तर्कसंगत दरों और कर सम्बन्धी कानूनों को सख्ती से लागू करने के प्रति सरकार के मौलिक दृष्टिकोण को सही ठहराया है।

36. निर्यात को बढ़ाने के उद्देश्य से नीतियों और कार्यक्रमों पर शीघ्र निर्णय लेने के लिए मंत्रिमंडल की एक निर्यात सम्बन्धी समिति का गठन किया गया। अप्रैल नवम्बर, 1986 में पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले निर्यात में 17.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई। उसी अवधि में निर्यात में केवल 1.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके परिणामस्वरूप, व्यापार-घाटे में काफी कमी आई है। फिर भी हम संतुष्ट नहीं बैठ सकते। आत्मनिर्भर होने और पूरी तरह से स्वतंत्र अर्थव्यवस्था का निर्माण करने के लिए अथक कोशिशें करने की जरूरत है।

37. चालू वर्ष में हमने दस लाख विदेशी पर्यटकों के आगमन का लक्ष्य पार कर लिया है। 1985-86 के दौरान 1300 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की आय के मुकाबले, पर्यटन से लगभग 1600 करोड़ रुपये की आय होने का अनुमान है।

राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए घरेलू पर्यटन की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। केन्द्रीय सरकार मार्गीय सुविधाएं, वन्य प्राणी विहारों, ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रमों और सस्ते पर्यटक आवासों के लिए सहायता प्रदान कर रही है।

38. जबकि संसाधन जुटाने के मामले में शानदार नतीजे हासिल हुए हैं सरकारी खर्च पर नियंत्रण रखने के लिए इसी तरह की कोशिश करनी होगी। सामाजिक न्याय के साथ-साथ विकास की आवश्यकता, गैर-उत्पादक खर्च पर रोक लगाने की ओर गम्भीरता से ध्यान देने पर मजबूर करती है।

39. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक चिंता का विषय है। यह जरूर है कि यदि कीमतों को थोक मूल्य सूचकांक की दृष्टि से देखें तो मुद्रा के फैलाव को तर्कसंगत सीमा के भीतर रखा गया है। सरकार हमारी अर्थव्यवस्था में मुद्रा के फैलाव की प्रवृत्ति को प्रभावहीन करने की नीतियों का अनुसरण करती रहेगी।

40. पिछले दो वर्षों के दौरान औद्योगिक सम्बन्धों में सुधार की सही प्रवृत्ति देखने में आई है। हड़तालों और तालाबन्दियों की संख्या 1984 में 2094 से घटकर 1985 में 1716 और 1986 में (जनवरी से अक्तूबर तक) 1234 हो गई। औद्योगिक विवादों के कारण होने वाली मनुष्य-दिवसों की हानि में कमी आई है। 1984 में 560.3 लाख मनुष्य-दिवसों की क्षति के मुकाबले 1985 में 293.7 लाख मनुष्य-दिवसों और 1986 में (जनवरी से अक्तूबर तक) 194.1 लाख मनुष्य-दिवसों की क्षति हुई है। यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने कई उपाय किए हैं कि असंगठित श्रमिकों को उनके जायज फायदे मिल सकें।

पिछले दो वर्षों में उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए औद्योगिक श्रमिकों ने प्रशंसनीय योगदान दिया है। सरकार उनके हित की रक्षा करने और औद्योगिक विकास में तेजी लाने के लिए उनका सहयोग प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प है।

41. सरकार न्याय पर आधारित विश्व समाज का निर्माण करने में शान्ति, निरस्त्रीकरण, विकास और सभी देशों के साथ सहयोग की अपनी गुटनिरपेक्ष विवेक नीति के उद्देश्यों के लिए कोशिश कर रही है।

42. पांच महाद्वीपों के छह राष्ट्रों की पहल से, जिसमें अर्जेन्टीना, यूनान, भारत, मेक्सिको, स्वीडन और तंजानिया शामिल हैं, परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए लगातार और भारी कोशिशों के पक्ष में संसार भर में लोकमत पर अनुकूल प्रभाव पड़ा है। रेकजेविक में परमाणु अस्त्रों की होड़ को खत्म करने के लिए प्रभावकारी प्रस्ताव रखे गए। दुर्भाग्य की बात है कि उन पर कोई समझौता नहीं हो सका। हमने अमरीका और सोवियत संघ दोनों से शांति और परमाणु हथियारों से मुक्त समाज की स्थापना के लिए मानवजाति की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अपनी कोशिशों को जारी रखने का आग्रह किया है।

43. हरारे गुट-निरपेक्ष शिखर सम्मेलन में भारत ने आंदोलन की अध्यक्षता जिम्बाबवे को सौंप दी। सम्मेलन में गुट-निरपेक्षता को मजबूत करने और इस आंदोलन के मूल उद्देश्यों को और पक्का करने में हमारे देश की भूमिका की प्रशंसा की गई। सम्मेलन ने, रंगभेद की नीति के खिलाफ संघर्ष को आगे बढ़ाने और अग्रिम पंक्ति के राष्ट्रों के प्रयासों को समर्थन देने के लिए नवगठित अफ्रीका कोष समिति की अध्यक्षता हमारे प्रधान मंत्री को सौंप दी। 24-25 जनवरी, 1987 को दिल्ली में हुए अफ्रीका कोष शिखर सम्मेलन ने हरारे की धारणा को ठोस आकार दिया है। सरकार यह मानती है कि व्यापक अनिवार्य प्रतिबन्ध ही दक्षिण अफ्रीका की रंगभेदी सरकार को रक्तपात रोकने और विवेक की आवाज सुनने पर मजबूर कर सकते हैं। जो सरकारें अपने व्यापारिक और आर्थिक सम्बन्धों के कारण दक्षिण अफ्रीका पर दबाव डालने की स्थिति में हैं उन्हें व्यापक अनिवार्य प्रतिबन्धों के जरिए अपना दबाव तेज करना होगा।

44. हमारे क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की भारत की नीति के महत्वपूर्ण परिणाम निकले हैं। भारत की अध्यक्षता में नवम्बर, 1986 में बंगलौर में हुए सफल सार्क (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ) सम्मेलन में क्षेत्रीय सहयोग के लाभों को दर्शाया है। अब सार्क का एक स्थायी सचिवालय काठमांडू में स्थापित किया गया है। सार्क सहयोग के कार्यक्रम के लिए नये क्षेत्रों का पता लगाया गया है जिनमें नशीले पदार्थों के व्यापार पर नियंत्रण, बाल कल्याण, प्रसारण, पर्यटन और वजीफे शामिल हैं। हमारे प्रधान मंत्री ने सार्क बैठक के अवसर का उपयोगी द्विपक्षीय विचार-विमर्श के लिए लाभ उठाया है।

45. पाकिस्तान द्वारा हमारी सीमाओं पर अपनी फौजें तैनात किए जाने से हुई बाधा के बावजूद, पाकिस्तान के साथ सहयोग का आधार बनाने के लिए हमारे प्रयास जारी हैं। सम्बन्धों को सामान्य बनाने की राह में जो मुख्य बाधाएं हैं, वे हैं पाकिस्तान द्वारा गुप्त रूप से परमाणु हथियारों की क्षमता प्राप्त करने का प्रयास, उसका शस्त्र कार्यक्रम, जिसका हमारे सुरक्षा के वातावरण पर गम्भीर प्रभाव पड़ता है, और पंजाब में राष्ट्र-विरोधी तथा अलगाववादी तत्वों को इसका समर्थन।

46. यह दुर्भाग्य की बात है कि श्रीलंका के साथ बंगलौर में हमारे द्विपक्षीय विचार-विमर्श और बाद में दिसम्बर, 1986 में उच्चस्तरीय परामर्श से उत्पन्न आशाओं को ठेस पहुंची है। श्रीलंका सरकार के 19 दिसम्बर, 1986 के अपने फार्मूले के बारे में उनके ढुलमुल रवैये के कारण बातचीत की प्रक्रिया में बाधा पहुंची है। श्रीलंका की सुरक्षा सेनाओं द्वारा चलाए गए भारी सैनिक अभियानों और जाफना क्षेत्र की आर्थिक नाकाबंदी के कारण और जटिलताएं पैदा हुई हैं। श्रीलंका की तमिल असैनिक आबादी को जिन कठिनाइयों और तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है और जान से हाथ धोना पड़ रहा है उसके प्रति हमारी गहरी चिन्ता है। श्रीलंका के जातीय मसले को केवल राजनीतिक बातचीत से ही सुलझाया जा सकता है।

47. मेरी सरकार चीन के साथ सीमा प्रश्नों के न्याय संगत और शान्तिपूर्ण हल के लिए लगातार कोशिश कर रही है। हमारे सम्बन्धों को पूरी तरह से सामान्य बनाने में यह प्रश्न महत्वपूर्ण बना

हुआ है। सीमा पर दुर्भाग्यपूर्ण घटना चिन्ता का कारण बनी हुई है। सीमा प्रश्न पर हमारी स्थिति को सभी अच्छी तरह जानते हैं। इस प्रश्न पर चीन के साथ हमारी बातचीत जारी है।

48. हम फिलिस्तीनी जनता के अभेद्य अधिकारों की हिमायत करते हैं। हम दक्षिण अफ्रीका के लोगों के मुक्ति संघर्ष का समर्थन करते हैं। हम ईरान और इराक के बीच भाई-भाई की लड़ाई का जल्द खात्मा चाहते हैं। हम मध्य अमरीका में संकट के शांतिपूर्ण स्थायी हल के लिए कॉन्टाडोरा ग्रुप के प्रयासों का समर्थन करते हैं। हम अफगानिस्तान के मामले में संयुक्त राष्ट्र महासचिव की पहल का भी समर्थन करते हैं। अफगानिस्तान के बारे में शेष मुद्दों पर लचीली प्रतिक्रिया का स्वागत करते हैं और विश्वास करते हैं कि अफगानिस्तान को एक ऐसे स्वतंत्र, गुटनिरपेक्ष देश का दर्जा मुकम्मल करने की परिस्थितियां शीघ्र बनेंगी और उनमें कोई बाहरी ताकतों से दखलअंदाजी और प्रवेश नहीं होगा।

49. पिछले साल मैंने नेपाल, यूनान, पोलैंड और यूगोस्लाविया की सद्भावना यात्राएं कीं। उप-राष्ट्रपति फ्रांस और बोत्सवाना गए। प्रधान मंत्री ने मालदीव, जाम्बिया, जिम्बाबवे, अंगोला, तंजानिया, मारिशस, मेक्सिको, इंडोनेशिया, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और थाईलैंड की द्विपक्षीय यात्राएं कीं। प्रधान मंत्री ने लंदन में राष्ट्रमण्डल शासनाध्यक्षों की समीक्षात्मक बैठक, पांच महाद्वीपों के छह राष्ट्रों की शान्ति के लिए पहल से सम्बन्धित शिखर बैठक में इक्सतपा में और हरारे में आठवें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन में भाग लिया और इसके अलावा उन्होंने स्वीडन के स्वर्गीय प्रधान मंत्री ओलोफ पाल्मे के अन्तिम संस्कार में शामिल होने के लिए स्वीडन की भी यात्रा की।

50. हमें यूनान के प्रधान मंत्री, कोरिया गणराज्य के प्रधान मंत्री, तुर्की के प्रधान मंत्री, सेशल्स के राष्ट्रपति, जर्मन जनवादी गणतंत्र के चांसलर, अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष, स्वापो के अध्यक्ष, बंगलादेश के राष्ट्रपति, यूगोस्लाविया के प्रधान मंत्री, निकारागुआ के राष्ट्रपति, जाम्बिया के प्रधान मंत्री, जार्डन के शाह, डेनमार्क के प्रधान मंत्री, पेरू के राष्ट्रपति, मलेशिया के प्रधान मंत्री और फिनलैंड के राष्ट्रपति की मेजबानी करने का मौका मिला। पीपल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ यमन के तत्कालीन प्रधान मंत्री और अब राष्ट्रपति तथा इटली के प्रधान मंत्री अपनी यात्राओं के दौरान भारत में रुके। पाकिस्तान के राष्ट्रपति जिया-उल हक गैर-सरकारी यात्रा पर आए।

51. इन द्विपक्षीय यात्राओं से इन देशों के साथ हमारे मैत्री सम्बन्ध मजबूत हुए हैं। आर्थिक, वाणिज्यिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए बहुत से करारों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

52. भारत-सोवियत संघ के बीच 40 वर्षों के सहयोग से उभरे घनिष्ट मैत्रीपूर्ण सम्बन्धों के संदर्भ में, सी० पी० एस० यू० के जनरल सैक्रेटरी, श्री गोरबाचोव की यात्रा एक महत्वपूर्ण घटना थी। श्री गोरबाचोव और हमारे प्रधान मंत्री ने दिल्ली घोषणा पर हस्ताक्षर किए जिससे अहिंसा, न्याय तथा समता पर आधारित अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के लिए एक बिल्कुल नई संरचना उपलब्ध हुई है। इसका मानवता की कठिन समस्याओं के अनुरूप नये दृष्टिकोण और मूल्यों की स्थापना करने में विश्वव्यापी प्रभाव पड़ेगा।

53. सरकार की नीति का जोर समाज के आर्थिक तथा सामाजिक दृष्टि से कमजोर वर्गों के के कल्याण में सुधार लाने पर है। पिछले दो सालों में लागू की गई नीतियों और कार्यक्रमों का ज्यादा जोर भूमिहीन कृषि मजदूरों, छोटे मामूली किसानों, कारीगरों और दस्तकारों, हथकरघा बुनकरों, महिलाओं और बच्चों, शहरी गरीबों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों की सहायता करने पर रहा है। हमारी विकास नीति में सामाजिक न्याय पर जोर दिया जाता रहा है। हम इस सर्वोपरि उद्देश्य पर कायम रहेंगे।

54. बहुत-सी समस्याओं के बावजूद, लोगों में एक मजबूत और खुशहाल भारत बनाने की अपनी क्षमता में पूरा विश्वास है। यह विश्वास हमारी शानदार उपलब्धियों का नतीजा है। भारत स्थिरता तथा प्रगति का प्रतीक बनकर मजबूती से खड़ा है। बुनियादी मूल्यों के प्रति हमारी वचन-बद्धता और अपनी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने के हमारे दृढ़ संकल्प ने हमें अपना सिर ऊंचा उठाकर आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान की है। हमें अभी बहुत कुछ करना है। जनता के सहयोग और असीम उत्साह की मदद से मेरी सरकार देश को अपने चुने हुए रास्ते पर और आगे ले जाएगी।

55. हमारे कार्य मुख्य रूप से मूल-भूत राष्ट्रीय प्राथमिकताओं से जुड़े हुए हैं। राष्ट्रीय संबद्धता को मजबूत बनाया जाएगा। साम्प्रदायिकता का दृढ़ता से मुकाबला किया जाएगा। गरीबी के खिलाफ कार्यक्रम को पूरी शक्ति से लागू किया जाएगा। अर्थव्यवस्था के मूल क्षेत्रों को मजबूत बनाया जाएगा और उनमें विस्तार किया जाएगा ताकि विकास कार्य में हम आत्मनिर्भर हों। युवकों की शक्ति और स्फूर्ति को राष्ट्र निर्माण में लगाएंगे। आजादी की लड़ाई में हमारी कुर्बानी की जो भावना रही थी हमें उसे फिर से जागृत करना है ताकि हम मौजूदा चुनौतियों का सामना कर सकें। हमारे दिलों में राष्ट्र निर्माण का जज्बा होना चाहिए। इन महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने के लिए मैं आपको अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

जय हिन्द

1.16 म० प०

निधन सम्बन्धी उल्लेख

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : आज हम लगभग $2\frac{1}{2}$ माह के अन्तराल के पश्चात् मिल रहे हैं और मुझे सदन को लोक सभा के वर्तमान सदस्य श्री सुन्दर लाल तथा हमारे सात पुराने सहयोगियों सर्वश्री तुकाराम शंकर पाटिल, राजनारायण, हरे कृष्ण मेहताब, जयराम वर्मा, सरदार सिंह, सैयद अहमद और महामाया प्रसाद सिन्हा के दुखद निधन की सूचना देते हुए दु:ख हो रहा है।

श्री सुन्दर लाल वर्तमान लोक सभा के सदस्य थे और उत्तर प्रदेश के हरिद्वार निर्वाचन क्षेत्र से

चुनकर आये थे। इससे पहले वह 1946-50, 1952-57, 1957-62, 1962-67, 1967-70 और 1971-77 के दौरान क्रमशः संविधान सभा अन्तरिम संसद, पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी और पांचवीं लोक सभा के सदस्य रहे।

वह एक वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया और जेल गए। वह एक अच्छे सांसद थे, सभा की कार्यवाही में गहरी रुचि रखते थे तथा समाज के पददलितों और कमजोर वर्गों की विभिन्न समस्याओं की ओर सभा का ध्यान आकर्षित करते थे।

श्री सुन्दर लाल का 3 जनवरी, 1987 को 66 वर्ष की आयु में नई दिल्ली में निधन हुआ।

श्री तुकाराम शंकर पाटिल 1960-62 के दौरान दूसरी लोक सभा के सदस्य थे और महाराष्ट्र के अकोला निर्वाचन क्षेत्र से चुनकर आये थे।

वह एक प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता थे तथा उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया।

श्री पाटिल का 12 दिसम्बर, 1986 को मलकापुर में निधन हुआ।

श्री राजनारायण 1977-79 के दौरान छठी लोक सभा के सदस्य थे, वह उत्तर प्रदेश के रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र से चुनकर आए थे। इससे पूर्व वह 1952 तथा 1957 में उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे। 1966-72 और 1974-76 के दौरान वह राज्य सभा के भी सदस्य रहे। 1977 में उन्होंने केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री के रूप में कार्य किया।

श्री राजनारायण एक वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी थे और अपनी छोटी उम्र से ही स्वतंत्रता आन्दोलन से सम्बद्ध रहे। उन्होंने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया और लम्बी अवधि तक जेल में रहे। वह एक योग्य संसदविद थे तथा संसद में अपनी उपस्थित का भान कराते थे।

श्री राजनारायण एक जाने-माने राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता थे तथा पददलितों के उत्थान के लिए कार्य करते रहे और लड़ते रहे। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से विधि स्नातक की डिग्री प्राप्त की और वह आचार्य नरेन्द्र देव और डाक्टर राम मनोहर लोहिया जैसे वयोवृद्ध समाजवादी नेताओं से बड़े निकट रूप से सम्बद्ध रहे। उन्होंने अनेक स्थानों की यात्रा की तथा वह योग, भारतीय संस्कृति और दर्शन में गहरी रुचि रखते थे।

श्री राजनारायण का निधन 31 दिसम्बर, 1986 को 70 वर्ष की आयु में नई दिल्ली में हुआ।

श्री हरे कृष्ण मेहताब क्रमश: 1946-50, 1950-52, 1952-55 और 1962-67 के दौरान संविधान सभा, अन्तरिम संसद पहली और तीसरी लोक सभा के सदस्य थे। वह उड़ीसा के अंगुल

निर्वाचन क्षेत्र से चुनकर आये थे। 1956-61 के दौरान उड़ीसा विधान सभा के सदस्य भी रहे।

श्री मेहताब एक वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी थे और उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए अपनी पढ़ाई छोड़ दी तथा लम्बे समय तक जेल में रहे। वह 1946-50 के दौरान और फिर 1956-60 के दौरान उड़ीसा के मुख्य मंत्री रहे। भूतपूर्व रजवाड़ों का उड़ीसा में विलय करने में उनका भारी योगदान रहा। उड़ीसा के मुख्य मंत्री के उनके कार्यकाल के दौरान ही हीराकुंड बांध तथा राज्य की नई राजधानी भुवनेश्वर के निर्माण की स्वीकृति मिली थी और निर्माण कार्य आरम्भ हुआ था। वह 1950-52 के दौरान केन्द्रीय मंत्रिमंडल में उद्योग और वाणिज्य मंत्री रहे तथा 1955-56 के दौरान तत्कालीन बम्बई प्रेजीडेंसी के राज्यपाल रहे।

श्री मेहताब एक प्रसिद्ध साहित्यकार और पत्रकार थे तथा उन्होंने अंग्रेजी और उड़िया में अनेक पुस्तकें और उपन्यास लिखे। वह उड़ीसा साहित्य अकादमी, उड़ीसा संगीत नाटक अकादमी और उड़ीसा ललित कला अकादमी के अध्यक्ष रहे वह प्रसिद्ध इतिहासकार थे और उन्हें आंध्र, उत्कल और सागर विश्वविद्यालयों द्वारा क्रमश: डा० आफ लेटर्स, डा० आफ लिट्रेचर और डा० आफ लॉज की डिग्रियों से सम्मानित किया गया। उन्हें दैनिक समाचारपत्रों में उनके लेखों के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

श्री मेहताब का 2 जनवरी, 1987 को 88 वर्ष की आयु में भुवनेश्वर में निधन हुआ।

श्री जयराम वर्मा 1980-84 के दौरान सातवीं लोक सभा के सदस्य रहे। वह उत्तर प्रदेश के फैजाबाद निर्वाचन क्षेत्र से चुनकर आए थे। वह 1946-68 और 1970-74 के दौरान उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे। वह राज्य मंत्रीमंडल में कई वर्षों तक मंत्री रहे।

श्री वर्मा एक वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी थे और उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी तथा जेल गए। वह एक निष्ठावान राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता थे तथा उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए काम किया। वह उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग संघ के सभापति और अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के उप-प्रधान रहे। वह अनेक शिक्षा संस्थानों के संस्थापक थे तथा विभिन्न रूपों में उनके प्रबंध से सम्बद्ध रहे। कृषक होने के नाते उन्होंने कृषि के विस्तार में गहरी रुचि दिखाई और राष्ट्रीय बीज निगम और भारतीय राज्य फार्म निगम के 1977 में सभापति रहे।

श्री वर्मा का निधन 13 जनवरी, 1987 को 83 वर्ष की आयु में लखनऊ में हुआ।

श्री सरदार सिंह 1947-50 के दौरान संविधान सभा और अन्तरिम संसद के तत्कालीन जयपुर राज्य से सदस्य रहे। 1945 में वह जयपुर विधान परिषद के सदस्य रहे।

श्री सरदार सिंह एक वयोवृद्ध राजनयिक थे और 1958-61 के दौरान लाओस में भारत के राजदूत रहे। वह एक मानव कल्याणकारी और शिक्षाविद थे। उन्होंने खेतरी न्यास की स्थापना की

तथा उसमें शिक्षा, विज्ञान, साहित्य और कला की उन्नति के लिए अपनी समस्त सम्पत्ति का दान कर दिया।

श्री सरदार सिंह का निधन 28 जनवरी, 1987 को 67 वर्ष की आयु में बम्बई में हुआ।

श्री सैयद अहमद 1952—55 के दौरान पहली लोक सभा के मध्य प्रदेश के होशंगाबाद निर्वाचन क्षेत्र से सदस्य रहे। वह 196 :—74 के दौरान राज्य सभा के सदस्य भी रहे।

श्री सैयद अहमद एक वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी थे तथा उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भाग लिया तथा लम्बे समय तक जेल में रहे। पेशे से वकील होने के नाते उन्होंने संसदीय गतिविधियों में गहरी रुचि ली।

श्री सैयद अहमद का निधन 2 फरवरी, 1987 को 91 वर्ष की आयु में होशंगाबाद में हुआ।

श्री महामाया प्रसाद सिन्हा 1977—79 के दौरान छठी लोक सभा के सदस्य रहे। वह बिहार के पटना निर्वाचन क्षेत्र से चुनकर आए थे। इससे पूर्व वह 1950-52 के दौरान अन्तरिम संसद और बिहार विधान सभा तथा परिषद के क्रमश: 1946—50 और 1952—74 के दौरान सदस्य रहे।

श्री सिन्हा एक वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी थे उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भाग लिया तथा जेल गए। वह एक योग्य प्रशासक थे और बिहार के एक कुल मुख्य मंत्री रहे।

वह जाने-माने राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता थे और उन्होंने नशाबंदी, छुआछूत निवारण और हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए कार्य किया।

श्री महामाया प्रसाद सिन्हा का निधन 12 फरवरी, 1987 को 78 वर्ष की आयु में पटना में हुआ।

हम इन मित्रों के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। मुझे विश्वास है कि सभा भी मेरे साथ शोकसंतप्त परिवारों को संवेदना प्रकट करेगी।

सभा अब संवेदना व्यक्त करने के लिए थोड़ी देर मौन खड़ी होगी।

तत्पश्चात् सदस्यगण थोड़ी देर मौन खड़े रहे।

1.22 म० प०

सभा पटल पर रखे गए पत्र

[अनुवाद]

श्रीमती इन्दिरा गांधी की हत्या के पश्चात् हुई हिंसात्मक घटनाओं के बारे में न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्र जांच आयोग का प्रतिवेदन तथा उस पर की गई कार्यवाही सम्बन्धी ज्ञापन

गृह मन्त्री (सरदार बूटा सिंह) : मैं, जांच आयोग अधिनियम, 1952 की धारा (3) की उप-धारा (4) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं :

(एक) स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के पश्चात दिल्ली में हुई आयोजित हिंसात्मक घटनाओं और बोकारो तहसील और छार तहसील तथा कानपुर में हुए दंगों के बारे में आरोपों की जांच करने के लिए नियुक्त किए गए न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्र जांच आयोग का प्रतिवेदन (खण्ड 1 और 2)।

(दो) उपरोक्त प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही सम्बन्धी ज्ञापन।

[ग्रंथालय में रखे गए। देखिए संख्या एल० टी०—3666/87]

मिजोरम राज्य (संशोधन) अध्यादेश, तथा दिल्ली नगर निगम (संशोधन) अध्यादेश, 1987

संसदीय कार्य मंत्री तथा खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री (श्री एच० के० एल० भगत) : मैं संविधान के अनुच्छेद 123 (2) (क) के अन्तर्गत निम्नलिखित अध्यादेशों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं :—

(1) मिजोरम राज्य (संशोधन) अध्यादेश, 1986 (1986 का संख्या), जो 30 दिसम्बर, 1986 को राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित किया गया था।

(2) दिल्ली नगर निगम (संशोधन) अध्यादेश, 1987 (1987 का संख्या 1), जो 5 फरवरी, 1987 को राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित किया गया था।

[ग्रन्थालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी०—3658/87]

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, आय कर अधिनियम तथा सीमा-शुल्क अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचनाएं

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(1) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 की धारा 38 की उपधारा (2) के अन्तर्गत केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क (अठारहवां संशोधन) नियम, 1986, जो 30 दिसम्बर, 1986 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा० का०नि० 1340 (अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रन्थालय में रख गई। देखिये संख्या एल० टी०— 3659/87].

(2) आय-कर अधिनियम 1961 की धारा 296 के अन्तर्गत आय-कर (ग्यारहवां संशोधन) नियम, 1986, जो 1` दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का० आ० 912 (अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रन्थालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० —3660/87]

(3) सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 159 के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) :—

(एक) का० आ० 963 (अ), जो 29 दिसम्बर, 1986 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जो कतिपय विदेशी मुद्राओं की भारतीय मुद्रा में अथवा भारतीय मुद्रा की विदेशी मुद्राओं में विनिमय की नई दरें निर्धारित करने के बारे में है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) सा० का० नि० 1236 (अ) जो 28 नवम्बर, 1986 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जो कतिपय विशिष्टियों वाले मृततापित मैगनीशिया को उस पर उद्ग्रहणीय 25 प्रतिशत से अधिक सीमा-शुल्क से छूट के बारे में है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) सा० का० नि० 1242 (अ), जो 3 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 2 अगस्त, 1976 की अधिसूचना संख्या 158 सीमा-शुल्क में कतिपय संशोधन किये गये हैं ताकि ऐसे कच्चे नेपथा को, जिसे पेट्रोरसायनों के निर्माण में इस्तेमाल किया जाता है और जिसे पेट्रोलियम उत्पादों के आगे संसाधन के लिए अन्य परिष्करणी में लौटाया जाता है, सीमा

[श्री जनार्दन पुजारी]

शुल्क से छूट का लाभ दिया जा सके, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चार) सा० का० नि० 1262 (अ) जो 5 दिसम्बर, 1986 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जो रूसी रूबल का भारतीय मुद्रा में और भारतीय मुद्रा का रूसी रूबल में संपरिवर्तन करने के लिए विनिमय दर निर्धारित करती है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पांच) सा० का० नि० 1263 (अ), जो 5 दिसम्बर, 1986 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जो डेनमार्क के क्रोनर, डूसे मार्क, डच गिल्डर, फ्रांस के फ्रेंक, इतालवी लीरा को भारतीय मुद्रा में तथा भारतीय मुद्रा को इन मुद्राओं में बदलने की पुनरीक्षित विनिमय दरों के बारे में है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(छः) सा० का० नि० 1283 (अ), जो 12 दिसम्बर, 1986 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनमें 8 जनवरी, 1986 की अधिसूचना संख्या 6/86 सीमा-शुल्क का शुद्धि पत्र है।

(सात) सा० का० नि० 1285 (अ), जो 12 दिसम्बर, 1986 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जो कतिपय विशिष्टियों वाले मृत तापित मैगनिशिया को उस पर उद्ग्रहणीय सम्पूर्ण उपसंगी शुल्क से छूट देने के बारे में है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(आठ) सा० का० नि० 1291 (अ), जो 18 दिसम्बर, 1986 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जो जूट स्प्रेडर, जूट के लिए वलय स्पिनिंग फ्रेम जूट के लिए लपेटन यार्न स्पिनिंग फ्रेम आदि जूट मशीनरी को इस पर उद्ग्रहणीय सम्पूर्ण मूल और अतिरिक्त सीमा-शुल्क से छूट देने के बारे में है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(नौ) सा०का०नि० 1292 (अ), जो 18 दिसम्बर, 1986 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जो 18 दिसम्बर, 1986 की अधिसूचना संख्या 489/85-सीमाशुल्क के क्षेत्र में आई विनिर्दिष्ट जूट मशीनरी को उस पर उद्ग्रहणीय सम्पूर्ण उपसंगी सीमाशुल्क से छूट देने के बारे में है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दस) सा०का०नि० 1293 (अ), जो 19 दिसम्बर, 1986 के भारत के राजपत्र

में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा 15 फरवरी, 1984 की अधिसूचना संख्या 21/84-सीमाशुल्क की विधि मान्यता को 31 दिसम्बर, 1987 तक बढ़ाया गया है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(ग्यारह) सा०का०नि० 1299(अ), जो 22 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा तांबे के विभिन्न "डाउन स्ट्रीम" उत्पादों की शुल्क संरचना में परिवर्तन किये गये हैं ताकि सब मिलाकर तांबे के विभिन्न उत्पादों और अनगढ़े तांबे पर सीमाशुल्क भेद बनाए रखा जा सके, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(बारह) सा०का०नि० 1300(अ), जो 22 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा जिंक ब्रास, एल्यूमीनियम, सीसे और तांबे पर मूल सीमाशुल्क बढ़ाया गया है ताकि इसे इन वस्तुओं के अवशिष्ट और स्क्रैप पर लागू मूल सीमाशुल्क की दर के बराबर लाया जा सके, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तेरह) सा०का०नि० 1304(अ), जो 23 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 9 दिसम्बर, 1985 की अधिसूचना संख्या 356/85-सीमाशुल्क की वैधता 31 दिसम्बर, 1987 तक बढ़ाई गई है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चौदह) सा०का०नि० 1305(अ), जो 23 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 23 जनवरी, 1986 की अधिसूचना संख्या 24/86-सीमाशुल्क की वैधता 30 जून, 1987 तक बढ़ाई गई है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पन्द्रह) सा०का०नि० 1307(अ), जो 23 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय कास्टिक सोडा ठोस पर 3500/- रुपये प्रति टन की दर से मूल सीमाशुल्क निर्धारित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(सोलह) सा०का०नि० 1308(अ), जो 23 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय कास्टिक सोडा ठोस को उस पर उद्ग्रहणीय सम्पूर्ण अतिरिक्त सीमाशुल्क से छूट देना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[श्री जनार्दन पुजारी]

(सत्रह) सा०का०नि० 1309(अ), जो 23 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय संकरा प्रत्यास्थ फीतों को छोड़कर संकरा फैब्रिकों सहित सभी वस्तुओं पर मूल सीमाशुल्क की दर को मूल्यानुसार 100 प्रतिशत बनाये रखना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(अठारह) सा०का०नि० 1310(अ), जो 23 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय संकरा प्रत्यास्थ फीतों पर मूल्यानुसार 25 प्रतिशत उपसंगी सीमाशुल्क निर्धारित करना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(उन्नीस) सा०का०नि० 1311(अ), जो 23 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय संकरा प्रत्यास्थ फीतों को उन पर उद्ग्रहणीय सम्पूर्ण अतिरिक्त सीमाशुल्क से छूट देना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(बीस) सा०का०नि० 1321(अ), जो 24 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जो कंप्यूटर उपस्करों को, जब उनका आयात भारत में किया जाये, उन पर उद्ग्रहणीय मूल्यानुसार 60 प्रतिशत से अधिक मूल सीमाशुल्क तथा उन पर उद्ग्रहणीय समस्त अतिरिक्त शुल्क से छूट देने के बारे में है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(इक्कीस) सा०का०नि० 1322(अ), जो 24 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जो कंप्यूटर उपस्करों को, जब उनका आयात भारत में किया जाये, उन पर उद्ग्रहणीय मूल्यानुसार 30 प्रतिशत से अधिक मूल सीमाशुल्क और उन पर उद्ग्रहणीय समस्त अतिरिक्त शुल्क छूट देने के बारे में है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(बाईस) सा०का०नि० 1323(अ), जो 24 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जो कम्प्यूटर उपस्करों को, जब उनका आयात भारत में किया जाये, उन पर उद्ग्रहणीय सम्पूर्ण उपसंगी सीमाशुल्क से छूट देने के बारे में है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तेईस) सा०का०नि० 1324(अ), जो 24 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा 19 नवम्बर, 1984 की अधिसूचना संख्या 280/84-सीमाशुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं ताकि इलैक्ट्रो-

निकी विभाग से अनिवार्यता प्रमाण-पत्र दिखाने की शर्त को रद्द किया जा सके, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चौबीस) सा०का०नि० 1327(अ), जो 26 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा 30 अक्तूबर, 1984 की अधिसूचना संख्या 268/84-सीमाशुल्क तथा 17 मार्च, 1985 की अधिसूचना संख्या 75/85 और 74/85 सीमाशुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पच्चीस) सा०का०नि० 1335(अ), जो 29 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा 11 अप्रैल, 1985 की अधिसूचना संख्या 123/85-सीमाशुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं ताकि मूल सीमाशुल्क की प्रभावी दर को शून्य से बढ़ाकर मूल्यानुसार 25 प्रतिशत तक किया जा सके और उसकी वैधता 31-12-87 तक बढ़ाई जा सके, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(छब्बीस) सा०का०नि० 1351(अ), जो 31 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा 16 जनवरी, 1985 की अधिसूचना संख्या 10/85-सीमाशुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं ताकि वाणिज्यिक वाहनों के संघटकों के आयात के लिए रियायती दर की वैधता को एक और वर्ष, अर्थात् 31 दिसम्बर, 1987 तक बढ़ाया जा सके, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(सत्ताईस) सा०का०नि० 1352(अ), जो 31 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसका उद्देश्य प्रोपिलीन सहबहुलकों के बारे में मूल्यानुसार 60 प्रतिशत की मूल सीमाशुल्क की रियायती दर निर्धारित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(अठाईस) सा०का०नि० 1353(अ) और 1354(अ), जो 31 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय 1000 घन सेंटीमीटर से अनधिक इंजन क्षमता वाली ईंधन दक्ष मोटर कारों या ईंधन दक्ष वेनों के गाड़ी पैनलों के विनिर्माण के लिए आयातित इस्पात की चादरों और शीटों को, मूल्यानुसार 25 प्रतिशत से अधिक मूल सीमाशुल्क, समस्त अतिरिक्त सीमाशुल्क तथा मूल्यानुसार 25 प्रतिशत से अधिक उपसंगी सीमा-शुल्क से छूट देने के बारे में है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[ग्रन्थालय में रखी गयीं। देखिये संख्या एल०टी०---3661/87]

[श्री जनार्दन पुजारी]

(4) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम, 1944 के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) :—

(एक) सा०का०नि० 1238 (अ), जो 1 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा 10 फरवरी, 1986 की अधिसूचना संख्या 71/86-के०उ०सु० में कतिपय संशोधन किये गये हैं ताकि विकलांगों के लिए कृत्रिम अंगों और पुनःस्थापन सहाय के पुर्जों और संघटकों को उस स्थिति में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क से छूट दी जा सके जब उनका इस्तेमाल उत्पादन के कारखाने में किया जाये, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) सा०का०नि० 1249 (अ), जो 4 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा 17 नवम्बर, 1962 की अधिसूचना संख्या 197/62 के०उ०शु० में कतिपय संशोधन किये गये हैं ताकि चाय के निर्यात पर 9 दिसम्बर, 1986 को घोषित केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क की छूट की अदायगी की योजना में संशोधन किया जा सके, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) सा०का०नि० 1264 (अ), जो 5 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा 14 मार्च, 1986 की अधिसूचना संख्या 198/86-के०उ०शु० में कतिपय संशोधन किये गये हैं ताकि उक्त अधिसूचना से संलग्न सारिणी में "वाईंडिंग वायर्स" शब्दों के पश्चात् "एण्ड ट्रिप वायर्स" शब्द अंतःस्थापन किये जा सके तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चार) सा०का०नि० 1266 (अ), जो 8 दिसम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिसके द्वारा 1 मार्च, 1983 की अधिसूचना संख्या 64/83-के०उ०शु० में कतिपय संशोधन किये गये हैं।

(पांच) सा०का०नि० 1267 (अ), जो 8 दिसम्बर, 1986 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जो केल्शियम कार्बोनेट के विनिर्माण में उत्पादन के कारखाने के भीतर प्रयुक्त चूने को उस पर उद्ग्रहणीय सम्पूर्ण उत्पाद-शुल्क से छूट देने के बारे में है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(छः) सा०का०नि० 1312 (अ), जो 23 दिसम्बर, 1986 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय पोलीप्रोपीलीन फाइबर अपशिष्ट पर प्रति किलोग्राम 50 प्रतिशत अथवा 5 रुपये, जो भी कम हो, की दर से

उत्पाद-शुल्क निर्धारित करना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(सात) सा०का०नि० 1328(अ), जो 26 दिसम्बर, 1986 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 9 दिसम्बर, 1986 की अधिसूचना संख्या 463/86-के०उ०शु० की वैधता 31 मार्च, 1987 तक बढ़ाई गई है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(आठ) सा०का०नि० 1349(अ), जो 31 दिसम्बर, 1986 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 2 जुलाई, 1983 की अधिसूचना संख्या 185/83-के०उ०शु० की वैधता 30 जून, 1987 तक बढ़ाई गई है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(नौ) सा०का०नि० 4(अ), जो 1 जनवरी, 1987 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय दो विनिर्दिष्ट उर्वरक यूनिटों तथा खेतड़ी तांबा काम्पलेक्स में विद्युत उत्पादन के लिए ईंधन के रूप में प्रयोग किए जाने वाले कच्चे नैफ्था के लिए उत्पाद-शुल्क की 525 रु० प्रति किलोलीटर की रिआयती दर निर्धारित करना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दस) सा०का०नि० 5(अ), जो 1 जनवरी, 1987 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय सेबों की पैकिंग करने के लिए गत्ता बाक्सों के विनिर्माण में प्रयोग किए जाने वाले क्राफ्ट पेपर और क्राफ्ट पेपर बोर्ड पर उत्पाद-शुल्क की अदायगी से छूट देना है ताकि लकड़ी के बाक्सों के स्थान पर गत्ता बाक्सों के प्रयोग को प्रोत्साहित किया जा सके, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(ग्यारह) सा०का०नि० 19(अ), जो 7 जनवरी, 1987 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 3 अप्रैल, 1986 की अधिसूचना संख्या 223/86-के०उ०शु० में कतिपय संशोधन किये गये हैं ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि एच०डी०पी०ई०/पी०पी० बुने हुए बोरों पर केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क की छूट उपलब्ध नहीं होगी यदि ऐसे बोरों का निर्माण चमड़े वाले करघों पर किया जाता है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(बारह) सा०का०नि० 27(अ), जो 12 जनवरी, 1987 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 17 मार्च, 1985 की अधिसूचना संख्या 40/85-के०उ०शु० में कतिपय संशोधन किये गये हैं ताकि पैरा-टोलुइक ईस्टर और वेग्राइल एक्रिलेट का क्रमश: डायमेथाइल टेरेफ्थेलेट और एक्रि-

[श्री जनार्दन पुजारी]

लिक फाइबर के विनिर्माण हेतु कारखानागत रूप से इस्तेमाल किये जाने पर उन्हें केन्द्रीय उत्पादन शुल्क से पूर्ण छूट दी जा सके तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तेरह) सा०का०नि० 36(अ), जो 15 जनवरी, 1987 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जो रबड़ीकृत टैक्सटाइल फैब्रिक को, सम्पूर्ण उत्पाद-शुल्क और अतिरिक्त शुल्क से छूट देने के बारे में है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चौदह) सा०का०नि० 51(अ), जो 21 जनवरी, 1987 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 17 नवम्बर, 1986 की अधिसूचना संख्या 450/86-के०उ०शु० में कतिपय संशोधन किये गये हैं ताकि उक्त अधिसूचना के पैरा 2 का लोप किया जा सके, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[ग्रन्थालय में रखी गयीं। देखिये संख्या एल०टी० —3662/87]

आवश्यक वस्तु अधिनियम, नारियल विकास बोर्ड अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचनाएं तथा राष्ट्रीय तिलहन तथा वनस्पति तेल विकास बोर्ड का वर्ष 1985-86 का वार्षिक प्रतिवेदन तथा कार्यकरण की समीक्षा

वित्त मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री जनार्दन पुजारी) : अपने सहयोगी श्री योगेन्द्र मकवाना की ओर से मैं निम्नलिखित पत्र भी सभा-पटल पर रखता हूं :—

(1) अधिसूचना संख्या सा०का०नि० 1269(अ), की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण), जो 9 दिसम्बर, 1986 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसमें आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उपधारा (6) के अंतर्गत घरेलू निर्माताओं द्वारा 1 अक्तूबर, 1986 से 31 मार्च, 1987 तक की अवधि के दौरान विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/वस्तु बोर्डों को उर्वरकों की सप्लाई के आदेशों का उल्लेख है।

[ग्रन्थालय में रखी गयीं। देखिये संख्या एल०टी०—3663/87]

(2) नारियल विकास बोर्ड अधिनियम, 1979 के अंतर्गत नारियल विकास बोर्ड भर्ती (संशोधन) विनियम, 1986, जो 22 नवम्बर, 1986 को भारत के राजपत्र में

अधिसूचना संख्या सा०का०नि० 1019 में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रन्थालय में रखी गयीं। देखिये संख्या एल० टी०—3664/87]

(3) (एक) राष्ट्रीय तिलहन तथा वनस्पति तेल विकास बोर्ड अधिनियम, 1983 की धारा 14 की उपधारा (4) और धारा 16 की उपधारा (4) के अन्तर्गत राष्ट्रीय तिलहन तथा वनस्पति तेल विकास बोर्ड के वर्ष 1985-86 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा-परीक्षित लेखे।

(दो) राष्ट्रीय तिलहन और वनस्पति तेल विकास बोर्ड के वर्ष 1985-86 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रन्थालय में रखी गयीं। देखिये संख्या एल० टी०—3665/87]

1.24 म०प०

तत्पश्चात् लोक सभा मंगलवार, 24 फरवरी, 1987/5 फाल्गुन 1908 (शक) के ग्यारह बजे म०पू० तक के लिए स्थगित हुई।

———

मुद्रक : विन्ध्यवासिनी पैकेजिंग्स, सीलमपुर, दिल्ली-53